# युवाओं को रोजगार देने में यूपी अव्वल

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश 18 से 21 वर्ष के युवाओं को रोजगार देने के मामले में 92.2 फीसदी के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश (91.15 फीसदी) और तीसरे पर कर्नाटक (81.89 फीसदी) है।

वहीं 22 से 25 वर्ष के युवाओं को रोजगार देने की श्रेणी में भी यूपी (94.29 फीसदी) टॉप पर है। दूसरे नंबर पर केरल (87.47 फीसदी) और तीसरे पर पंजाब (87.5 फीसदी) को स्थान मिला है। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट-2025 में राज्यों की यह तस्वीर निकलकर सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुरुषों के लिए रोजगार संसाधन सबसे ज्यादा आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में हैं। महिलाओं के मामले में राजस्थान शीर्ष पर है। दूसरे नंबर पर गुजरात, तीसरे पर केरल, चौथे पर महाराष्ट्र और फिर यूपी व कर्नाटक का नंबर है। पसंदीदा राज्यों में इंटर्नशिप के लिए इच्छुक युवाओं की फेहरिस्त में तमिलनाडु के बाद उत्तर प्रदेश ने प्रवेश किया है। तीसरे पर केरल, चौथे पर कर्नाटक और पांचवें पर आंध्र प्रदेश है।

## इंडिया स्किल्स रिपोर्ट-2025 में राज्यों की तस्वीर निकलकर सामने आई

एक्सपर्ट्स के मुताबिक स्किल के मामले में यूपी में चौंकाने वाले बदलाव देखे गए हैं। इसकी प्रमुख वजह युवाओं की सबसे ज्यादा संख्या वाले प्रदेश में तकनीकी कौशल के अत्याधुनिक संसाधन जिला स्तर पर उपलब्ध कराए गए हैं।

## यूपी में इस सेक्टर में बढ़े रोजगार

आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन उपकरण, रियल इस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्सटाइल, डिफेंस, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, प्लास्टिक व केमिकल, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी व बेकरी, ओडीओपी, शिल्पकला और हस्तनिर्मित उत्पाद।

शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है। खास तौर पर बच्चों की शिक्षा पर फोकस करने से गणित, क्रिटिकल थिंकिंग मजबूत हुई है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के साथ उत्पादन क्षेत्र की कंपनियों की बड़ी संख्या ने नौकरी के बड़े अवसर खोले हैं।